ACHIEVING NEW HEIGHTS

# Lords Chloro Alkali Limited

A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi-110 024
Phones :+91-11-46865999, 41627937
Fax :+91-11-46865930
Web : www.lordschloro.com
E-mail : contact@lordschloro.com

**Date: 3rd February, 2021**

**To,**
**The General Manager,**
**BSE Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers**
**Dalal Street, Fort,**
**Mumbai 400 001**

**BSE Scrip Code: 500284**

**Sub: Submission of newspaper advertisements as per Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Dear Sir,

Pursuant to the provisions of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing herewith the copies of the newspaper advertisements published in the English and Hindi newspaper regarding the intimation of the Board meeting.

Kindly take the above in your record.

Yours faithfully
**For Lords Chloro Alkali Limited**

**Dipendra Chaudhary**
**Company Secretary**

**Encl: a/a**

नया इंडिया

# जयपुर

**मौसम**
रपट/पुर्वानुमान
जयपुर

| | न्यूनतम | अधिकतम | सार संक्षेप |
|---|---|---|---|
| 03-फरवरी | 13.0 | 28.0 | मौसम साफ रहेगा। |
| 04-फरवरी | 11.0 | 27.0 | मौसम साफ रहेगा। |

## समाचार सार

### मारवाड़ क्षेत्रीय जनजाति विकास बोर्ड का गठन

**जयपुर, भाषा।** राजस्थान सरकार ने जोधपुर संभाग के माडा, माडा संकुल व बिखरी जनजाति क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति समुदाय के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से मारवाड़ क्षेत्रीय जनजाति विकास बोर्ड (माडा) का गठन किया है। बोर्ड का मुख्यालय जोधपुर होगा। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री अर्जुन सिंह बामणिया ने बताया कि इस बोर्ड में अध्यक्ष, सदस्य सचिव, 13 पदेन सदस्य व समुदाय के छह लोग सदस्य होंगे। जनजाति क्षेत्रीय विकास (टीएडी) विभाग इसका प्रशासनिक विभाग होगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड जोधपुर संभाग के अनुसूचित जनजाति समुदाय के उत्थान व विकास के विषय में स्थाई परामर्शदात्री संस्था के रूप में कार्य करेगा। इसके लिए विशेष योजनाओं का निर्माण कर टीएडी व अन्य विभागों के माध्यम से क्रियान्वित करने के लिए राज्य सरकार को सिफारिश करेगा।

### विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन विकसित करने में एनसीसी का बड़ा योगदान : मिश्र

**जयपुर, भाषा।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को यहां कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति की भावना, अनुशासन व सैन्य प्रवृत्ति विकसित करने में एनसीसी का महत्वपूर्ण योगदान है। राज्यपाल ने कहा कि चाहे प्राकृतिक आपदा हो या अन्य कोई आपात परिस्थिति, एनसीसी कैडेट पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं । उन्होंने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौर में भी एनसीसी कैडेट ने एक बार फिर इसी भावना का परिचय देते हुए राहत कार्यों तथा जनजागृति अभियान में जो सहयोग किया वह सराहनीय है। मिश्र ने नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर एवं परेड में भाग लेकर लौटे राजस्थान के 34 एनसीसी कैडेट के उत्साहवर्धन के लिए राजभवन में उन्हें 'एटहोम' दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि करगिल युद्ध के समय उन्हें शहीदों के परिवारों में जाने का अवसर मिला तो राजस्थान के युवाओं में सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने का जो जज्बा है वह उन्हें उस वक्त गहरे से महसूस हुआ था।

## भाजपा जनसरोकारों की राजनीति करती है: पूनियां

**जयपुर ■ वार्ता**



राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ड़ा सतीश पूनियां ने कहा कि भाजपा एक विशिष्ट संगठन है, यह विशेषताएं हमारे संगठन के कामकाज, रीति-नीति, परंपराओं एवं कार्यप्रणाली के कारण हैं। डा पूनियां मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग की 'मण्डल प्रशिक्षण शिविर'की पत्रिकाओं का विमोचन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर भी उपस्थित थे।

डॉ. पूनियां ने कहा कि भाजपा की रीति-नीति राष्ट्रवाद को समर्पित है, इसलिए हम दूसरी पार्टियों से अलग हैं। आज के प्रोफेशनल राजनीति के युग में भी भाजपा की रीति-नीति और कार्यशैली में उसूल जिन्दा हैं, हम जनसरोकारों की राजनीति करते हैं, कोरोना कालखण्ड में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जो जनसेवा के कार्य किये, उन्हें दुनियाभर में सराहा गया।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के मण्डल प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के इतिहास, विचारधारा, दर्शन इन तमाम बातों का समावेश होता है, जो हमारे संगठन की ताकत को चरितार्थ करती हैं। संगठन चलाने के लिए प्रशिक्षण की जरूरत होती है, इस दिशा में प्रदेशभर में नये कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं को योग्य बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जाते हैं। एक पौधे की तरह हम कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति से सींचकर तैयार करते हैं, इसके लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जाते हैं। हम सभी कार्यकर्ताओं की विशेषता है कि हम मन, वचन और कर्म से देश के लिए समर्पित होकर कार्य करते हैं।

## 17 राकांपा पार्षद भाजपा में शामिल

**जयपुर, आईएएनएस।** राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस को करारा झटका देते हुए टोंक जिले के निवाई से स्थानीय नगरपालिका चुनाव जीतने वाले 17 राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के पार्षद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं, जिससे भाजपा के खाते में एक और सीट बढ़ गई है और अब पार्टी की जीत 25 सीटों पर हो गई है। गुरुवार को राज्य में 90 सीटों के लिए हुए स्थानीय चुनावों में सत्तारूढ़ कांग्रेस 19 सीटों तक ही सीमित रही। स्थानीय नगरपालिका बोर्ड चुनाव सत्तारूढ़ कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा के लिए भी एक प्रतिष्ठा का मुद्दा बन गया है। दोनों पार्टियां अधिकतम सीटों पर अपने बोर्ड बनाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही हैं।

राज्य की 90 सीटों पर हुए स्थानीय चुनावों में भाजपा ने 24 सीटें जीतीं, वहीं कांग्रेस को निर्दलीय उम्मीदवारों के समर्थन की उम्मीद है, जो बाकी सीटों पर असली किंगमेकर की भूमिका में उभरे हैं। कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी अजय माकन ने कहा कि पार्टी लगभग 52 सीटों पर अपना बोर्ड बनाएगी, जबकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया ने उनके दावे पर सवाल उठा दिया, क्योंकि भाजपा ने 24 सीटें जीतीं, इसलिए कांग्रेस 52 सीटों पर अपने बोर्ड कैसे बना सकती थी।

## दूसरे चरण में दो लाख 39 हजार फ्रंटलाइन वर्कर्स को लगेगी वैक्सीन

### चिकित्सा विभाग ने की वैक्सीनेशन के लिए सभी तैयारियां।

**जयपुर ■ वार्ता**

राजस्थान में कोरोना वैक्सीनेशन के दूसरे चरण में दो लाख 39 हजार से ज्यादा फ्रंटवर्कर्स को टीका लगाया जाएगा। विभाग ने इसके लिए सभी तैयारियां कर ली हैं। इस माह के प्रथम सप्ताह में दूसरा चरण शुरू हो जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने बताया कि वैक्सीनेशन के पहले चरण के उत्साहजनक परिणामों के बाद दूसरे चरण का वैक्सीनेशन प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सहित सभी सैन्य बलों को टीका लगाया जाएगा। इनके अलावा राजस्व विभाग, स्थानीय निकाय, पंचायतीराज विभाग और पुलिस कार्मिकों का भी टीकाकरण होगा।



उन्होंने बताया कि अब तक कोविन सॉफ्टवेयर में राजस्व विभाग के 22 हजार 520, स्थानीय निकायों के 55 हजार 362 और पुलिस व सैन्य बलों के एक लाख 61 हजार 236 लोगों का पंजीकरण हो चुका है। इस तरह दो लाख 39 हजार 118 लोगों को दूसरे चरण में टीका लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन लोगों का प्रथम चरण में टीका नहीं लग सका है, वे भी इस चरण में वैक्सीन लगवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में अब तक तीन लाख 30 हजार 990 स्वास्थ्य कार्मिकों को टीका लगाया जा चुका है। ड़ा शर्मा ने बताया कि प्रदेश भर में दूसरे चरण के वैक्सीनेशन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आमजन में वैक्सीन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक कोविशील्ड वैक्सीन के दो लाख 62 हजार 520 और कोवैक्सीन के एक लाख 77 हजार 340 डोज अलॉट हो चुकी है।

## कोरोना वायरस से दो और मौत, 87 नये संक्रमित मामले

**जयपुर, भाषा।** राजस्थान में कोरोना वायरस संक्रमण के मंगलवार को 87 नये मामले सामने आने के बाद राज्य में संक्रमितों की अब तक की कुल संख्या 3,17,674 हो गई है। इसके साथ ही संक्रमण से दो और लोगो की मौत हो गई जिससे राज्य में महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़ कर 2768 हो गई। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी । अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार शाम छह बजे तक के बीते 24 घंटों में राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण से दो और लोगो की मौत हो गई जिससे इस वायरस संक्रमण से राज्य में अब तक 2768 लोगों की मौत हो चुकी है।

# अजमेर

| | | |
|---|---|---|
| न्यूनतम | : | 12.0 |
| अधिकतम | : | 28.0 |
| सार संक्षेप | : | मौसम साफ रहेगा। |

### नगरीय निकाय चुनाव-2021

## अजमेर में निकाय प्रमुख के लिए 18 नामांकन पत्र दाखिल

**अजमेर ■ संवाद सूत्र**

नगरीय निकाय चुनाव 2021 के अन्तर्गत अध्यक्षीय पदों के निर्वाचन के लिए जिले में 13 उम्मीदवारों ने 18 नामांकन पत्र दाखिल किए है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जिले में 5 नगरीय निकायों के अध्यक्ष पदों के चुनाव के लिए अन्तिम दिन 13 उम्मीदवारो ने 18 नामांकन भरे। नगर निगम अजमेर के लिए 5 उम्मीदवारों ने 8, नगर परिषद किशनगढ़ के लिए 2 उम्मीदवारों ने 3, नगर पालिका बिजयनगर के लिए 2 उम्मीदवारों ने 3 तथा केकड़ी एवं सरवाड़ के लिए 2-2 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए।

उन्होंने बताया कि अजमेर नगर निगम के महापौर पद के लिए ब्रजलता पत्नी प्रियशील हाड़ा ने भारतीय जनता पार्टी से 2, द्रोपदी पिता मिश्रीलाल ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस से एक, चंचल देवी पत्नी निर्मल कुमार ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस से एक एवं निर्दलीय के रूप में एक, पिंकी पत्नी चन्द्रशेखर बालोटिया ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस से एक एवं निर्दलीय के रूप में एक तथा काजल यादव पत्नी ईश्वर राजोरिया ने निर्दलीय के रूप में एक नामांकन दाखिल किया।

उन्होंने बताया कि किशनगढ़ नगर परिषद के सभापति पद के लिए दिनेश सिंह पुत्र मानसिंह ने भारतीय जनता पार्टी से 2 तथा प्रदीप कुमार अग्रवाल पुत्र गोपाल अग्रवाल ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस से एक नामांकन भरा। नगरपालिका सरवाड़ के अध्यक्ष पद के लिए छगन कंवर पत्नी शंकर सिंह ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस से एक तथा शारदा देवी पत्नी सुरेश चन्द ने भारतीय जनता पार्टी से एक नामांकन दाखिल किए। नगर पालिका केकड़ी के अध्यक्ष पद के लिए कमलेश कुमार साहू ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस से एक तथा मिश्री लाल ने भारतीय जनता पार्टी से एक नामांकन भरा। इसी प्रकार बिजयनगर नगरपालिका के अध्यक्ष पद के लिए ज्योति यादव ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस से एक तथा अनिता ने भारतीय जनता पार्टी से एक एवं निर्दलीय के रूप में एक नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए।

### अजमेर नगर निगम चुनाव में हारे उम्मीदवार ने पार्षद पर किया मुकदमा

**अजमेर, वार्ता।** राजस्थान में अजमेर नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के एक पराजित उम्मीदवार ने उनसे एक मत से विजयी रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षद पर मुकदमा दर्ज कराया है। आदर्श नगर थाना प्रभारी हेमराज चौधरी ने बताया कि वार्ड संख्या 66 से विजयी रहे पार्षद नीरज जैन पर पराजित कांग्रेस उम्मीदवार गणेश चौहान ने मुकदमा दर्ज कराया है। श्री चौधरी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। निगम चुनाव परिणामों की घोषणा में एक मत से भाजपा के नीरज जैन विजयी रहे थे लेकिन उन्हें प्रमाणपत्र देने में डेढ़ घंटे से ज्यादा का समय लगने पर इस पर उन्होंने आपत्ति जताई थी।

## विपक्ष को अब किसान आन्दोलन में किसानों के साथ सड़क पर आना चाहिए

**जयपुर, वार्ता।** संयुक्त किसान मोर्चा के किसान नेता हिम्मत सिंह गुर्जर ने केंद्र सरकार पर किसानों के लिए दिल्ली की सीमाएं सील करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि विपक्षी दलों को संसद छोड़कर अब किसानों के साथ सड़क पर आना चाहिए।

शहाजहांपुर बॉर्डर पर किसान आंदोलन में शामिल श्री गुर्जर ने मीना सीमला किसान महापंचायत में भाग लेने आये अपने गृह क्षेत्र दौसा में आज अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि किसानों को रोकने के लिए केन्द्र सरकार दिल्ली की सीमाएँ सील कर रही है। दिल्ली बॉर्डर पर कंक्रीट की दीवार बना दी हैं, कटीले तार लगा दिये हैं। यह हालत दिल्ली में बन गये हैं।

उन्होंने कहा कि उनका विपक्षी दलों को सुझाव है कि यदि वे सच में किसान के साथ खड़े हैं उन्हें तो संसद छोड़कर दिल्ली दीवार तक मार्च करना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि किसान आंदोलन को कुचलने के सारे हथकंडे विफल हो चुके हैं। किसान आंदोलन पहले से ज्यादा बड़ा और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार को आंदोलनकारियों की बिजली एवं पानी आपूर्ति तथा इंटरनेट बंद नहीं करना चाहिए।आंदोलनकारियो को हर जरूरी मानवीय सुविधा मुहैया करवाना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि सयुंक्त किसान मोर्चा ने गणतंत्रदिवस की परेड के बाद सौ से अधिक किसान लापता होने की सूचना पर गहरी चिंता जताई है।

## भ्रष्टाचार मामले में आईपीएस अधिकारी गिरफ्तार

**जयपुर, भाषा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी मनीष अग्रवाल को मंगलवार को रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि अग्रवाल ने दौसा के जिला पुलिस अधीक्षक पद पर रहते हुए दलाल के जरिये एक कंपनी के मालिक से 38 लाख रूपये की कथित रिश्वत मांगी थी।

ब्यूरो के महानिदेशक बी एल सोनी ने पीटीआई भाषा को बताया कि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी मनीष अग्रवाल को भ्रष्टाचार के एक मामले में अनुसंधान अधिकारी ने भ्रष्टचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। अधिकारी के निवास पर तलाशी ली जा रही है।

उल्लेखनीय है कि ब्यूरो ने 13 जनवरी को एसीबी की जयपुर देहात इकाई ने दौसा के एसडीएम पुष्कर मित्तल को परिवादी से पांच लाख रूपये की कथित रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। वहीं बांदीकुई की एसडीएम पिंकी मीणाको 10 लाख रूपये रिश्वत मांगते हुए गिरफ्तार किया। इसी तरह एक दलाल नीरज मीणा को दौसा पुलिस अधीक्षक के नाम से 38 लाख रूपये रिश्वत मांगने पर गिरफ्तार किया गया है। सोनी ने बताया कि उन्हें दौसा जिले में राजमार्ग निर्माण करने वाली कम्पनी के मालिक ने शिकायत की थी कि भूमि अधिग्रहण व मुआवजा देकर जमीन सड़क निर्माण के लिए सुपुर्द करने की एवज में तथा निर्माण कार्य में रुकावट नहीं डालने के लिए प्रशासन और पुलिस अधिकारियों द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है। रिश्वत नहीं देने पर परेशान किया जा रहा है। सोनी ने बताया कि दलाल मीणा ने दौसा के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के नाम पर चार लाख रूपये मासिक बंधी व प्रत्येक प्राथमिकी में मामला रफा-दफा करने की एवज में 10 लाख रूपये की मांग की थी। उन्होंने बताया कि दलाल कुल मिलाकर 38 लाख रुपए बतौर रिश्वत मांग रहा था जिस पर उसे गिरफ्तार किया गया। इस मामले में आईपीएस अधिकारी अग्रवाल की संलिप्तता की जांच के बाद ब्यूरो ने मंगलवार को उसे गिरफ्तार किया है जो वर्तमान में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल में कंमाडेंट के रूप में जयपुर में तैनात है।

## सार समाचार

### राजस्थान के कई इलाकों में ओलावृष्टि व बारिश की चेतावनी

**जयपुर, भाषा।** राजस्थान के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान के सामान्य स्तर पर बने रहने के बीच मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटे में प्रदेश के कई इलाकों में ओलावृष्टि एवं हल्की बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग के प्रवक्ता के अनुसार तीन फरवरी को राज्य के ऊपर एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से परिसंचरण तंत्र बनने की संभावना है और इसके असर से तीन फरवरी को आसमान में बादल छाए रहने तथा उत्तरी भागों में कहीं-कहीं में मेघगर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। प्रवक्ता के अनुसार चार फरवरी को अलवर, भरतपुर, झुंझुनू, सीकर, चुरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जिलों में कहीं कहीं मेघगर्जन के साथ साथ ओलावृष्टि और हल्की बारिश भी हो सकती है, इसी तरह दौसा , धौलपुर, जयपुर व करौली जिलों में भी कहीं कहीं बारिश हो सकती है। वहीं पांच फरवरी को राज्य के कई इलाकों में एक बार कोहरा छा सकता है। इस बीच बीते चौबीस घंटे में राज्य के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी और यह भीलवाड़ा में 5.5 डिग्री, गंगानगर में 5.7 डिग्री, धौलपुर में 6.9 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 7.0 डिग्री व सीकर में 7.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 30 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया जिनमें जोधपुर, बाड़मेर, फलौदी व बीकानेर शामिल है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान और बढ़ेगा।

### जयपुर संभाग को ई-गर्वेनेन्स सेवाओं में बनाना है अव्वल : शर्मा

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान में जयपुर के संभागीय आयुक्त डॉ. समित शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि जयपुर संभाग को ई-गर्वेनेन्स में अव्वल बनाना है इसके लिये सभी को समन्वय कर प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। ड़ा शर्मा ने संभाग के समस्त जिलों में स्थापित ई-मित्र प्लस मशीन एवं ई-मित्र कियोस्क की उपयोगिता सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान करते हुये ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। गौरतलब है कि ड़ा शर्मा ने पिछले माह संभाग के पांच अलग-अलग जिलों में आवंटित सभी 2995 ई-मित्र प्लस मशीनों को इन्स्टॉल करने और उन सभी के निरीक्षण कराने के निर्देश प्रदान किये थे।

## सार समाचार

### जन अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति बैठक 11 को

**उदयपुर।** आमजन के अभाव अभियोग प्राप्त कर उन पर त्वरित कार्यवाही करने को लेकर जिला जन अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक गुरुवार, 11 फरवरी को सुबह 11 बजे से जिला कलक्टर चेतन देवड़ा की अध्यक्षता में आयोजित होगी। प्रभारी अधिकारी (सतर्कता) ने बताया कि जनसुनवाई राजस्थान सम्पर्क आईटी केन्द्र (कलेक्ट्रेट परिसर) में आयोजित होगी। बैठक में सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। साथ ही सभी उपखण्ड स्तरीय अधिकारीगण भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक व्यवस्था से जुड़े रहेंगे।

### ऑनलाइन आवेदन की तिथि 16 तक बढ़ाई

**उदयपुर।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की ओर से जनजाति छात्र-छात्राओं से विभिन्न शैक्षणिक प्रोत्साहन योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 16 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। जनजाति क्षेत्रीय विकास आयुक्त जितेन्द्र कुमार उपाध्याय ने बताया कि निर्धारित अवधि में जनजाति छात्राओं को उच्च शिक्षा सहायता, उच्च माध्यमिक शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता, बोर्ड एवं विश्वविद्यालय में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण जनजाति छात्रों को आर्थिक सहायता योजना के ऑनलाइन आवेदन डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट टीएडी डॉट राजस्थान डॉट जीओवी डॉट इन के होम पेज पर ऑनलाइन पोर्टल फोर टीएडी एज्युकेशनल इन्सेन्टिव स्कीम्स 2020-21 के लिंक पर किए जा सकते हैं।

### सक्का की कलाकृतियां गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज

**उदयपुर।** उदयपुर के ख्यातनाम हस्तशिल्पी इकबाल सक्का द्वारा निर्मित सबसे छोटी दो कुर्सी, टेबल व ऐशट्रे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज हुई। सक्का द्वारा स्वर्ण निर्मित सुक्ष्मदर्शी लेन्स की सहायता से देखे जाने वाली कुर्सी 3 गुणा 2 मिलीमीटर, टेबल 3 गुणा 2 मिलीमीटर, ऐशट्रे 0.1 मिलीमीटर है तथा इन कलाकृतियों का वजन मात्र 150 मिलीग्राम है। इन कलाकृतियों को गोल्डन बुक में दर्ज होने पर गोल्डन बुक के प्रबंधक मिस्टर माईकल वनडेन चीयर ने सक्का को टीशर्ट, गोल्ड मेडल एवं बेच यू.एस.ए. कार्यालय से जारी किया है।

## भाजपा का 'वन नेशन' का नारा बजट में नहीं दिखा, विफल रहीं वित्तमंत्री : बंसल

**जयपुर, भाषा।** कांग्रेस ने आम बजट को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को यहां कहा कि 'वन नेशन' का नारा इस बजट में कहीं नजर नहीं आया और इसमें बस उन राज्यों का जिक्र है जहां चुनाव होने हैं। इसके साथ ही पार्टी ने कहा है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण परिणाम देने में विफल रही हैं।

सोमवार को पेश बजट के बारे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पवन बंसल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा एक राष्ट्र की बात तो करते हैं लेकिन पहली बार किसी आम बजट में एक राष्ट्र नजर नहीं आया ।

बंसल ने कहा कि बजट पूरे देश के लिये होता है लेकिन इस बार अब यह नजर नहीं आया। जब बिहार में चुनाव होने थे तब प्रधानमंत्री ने कहा भाजपा को वोट दो वैक्सीन मिलेगी.. कहां मिली बिहार के लोगों को वैक्सीन ... चुनाव के बाद वो भूल गये।

उन्होंने कहा ,'अब असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु में चुनाव होने हैं... आज बजट में जिक्र इन्हीं चारों प्रांतों का हो रहा है। जैसे चुनाव के बाद बिहार को भूल गये आज राजस्थान का जिक्र नहीं है, जिक्र बस उन चार राज्यों का किया है।'

कांग्रेस नेता के अनुसार 'बजट में चुनावी राज्यों को गुमराह करने की कोशिश की गई है... कोरोनाकाल में अमीरों की आमदनी बढ़ी है गरीबों की नहीं।'

वित्तमंत्री सीतारमण पर विफल रहने का आरोप लगाते हुए बंसल ने कहा,' जहां तक किसी मंत्री के अच्छे प्रदर्शन का सवाल है यह प्रधानमंत्री का अधिकार होता है कि उसे रखना है या नहीं... हमें कोई आपत्ति नहीं कि कौन मंत्री है.. हम प्रदर्शन चाहते हैं.. हम परिणाम चाहते है... देश परिणाम चाहता है यह सरकार परिणाम देने में असफल रही है... वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण परिणाम देने में असफल रही हैं... यदि वह मंत्री पद पर बनी रहती है तो यह उनका अपना अधिकार है, लेकिन जनता को अब यह अहसास हो रहा है।'

## सरिस्का में तीन शावकों सहित बाघिन दिखी

**अलवर, वार्ता।** राजस्थान में अलवर जिले के विश्व विख्यात सरिस्का बाघ अभ्यारणय में एक बार फिर खुशखबरी आई है। सरिस्का के कोर एरिया में डाबली गांव के पास नाले में बाघिन एसटी 14 कैमरे में तीन शावकों के साथ दिखाई दी है। डेढ़ महीने पहले बाघिन एसटी-14 एक शावक के साथ दिखाई दी थी। उसके बाद क्षेत्र में अतिरिक्त कैमरे लगाये गये। आज सरिस्का के कोर क्षेत्र के डाबली गांव के पास कैमरे में बाघिन एसटी 14 अपने तीन शावकों के साथ फोटो में दिखाई दी है। इसके बाद बाघिन की सुरक्षा में गश्त बढ़ा दी गयी है। इसके साथ ही सरिस्का में बाघों का कुनबा बढ़कर 23 हो गया है। फिलहाल सरिस्का में छह नर बाघ, 10 बाघिन और सात शावक मौजूद हैं।

डीएफओ सरिस्का सुदर्शन शर्मा ने बताया कि सरिस्का में लगातार बढ़ रहे बाघों से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वर्ष

2018 में पांच बाघों की मौत से सरिस्का में बाघों पर संकट मंडराने लगा था, लेकिन पिछले एक साल में सात नए शावक आने से सरिस्का में बाघों के कुनबा बढ़ने लगा है।

गौरतलब है कि सरिस्का बाघ अभ्यारण विश्व में पहला ऐसा बाघ अभ्यारण जहां हेलीकॉप्टर से बाघों को रणथंबोर से लाकर सरिस्का में स्थानांतरित किया गया था। उसके बाद सरिस्का में बाघ के कुनबे में बढ़ोतरी हो रही है।

# उदयपुर

| | | |
|---|---|---|
| न्यूनतम | : | 12.0 |
| अधिकतम | : | 28.0 |
| सार संक्षेप | : | मौसम साफ रहेगा। |

## एक दिवसीय 'पेसा' दक्ष प्रशिक्षक आमुखीकरण कार्यशाला

**उदयपुर ■ संवाद सूत्र**

राजीव गांधी पंचायत सशक्तिकरण अभियान के तहत माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा एक दिवसीय 'पेसा' दक्ष प्रशिक्षक कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को टीआरआई सभागार में किया गया। इस अवसर पर टीएडी के उपनिदेशक जितेन्द्र पांडे ने कहा कि पेसा के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को पेसा कानून की पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है जिसमें दक्ष प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यशाला के प्रारंभ में आगामी प्रशिक्षणों की रूपरेखा संयुक्त निदेशक ज्योति मेहता द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने पेसा के विविध विषयों पर अपनी प्रस्तुति देने के साथ ही सवाल भी सदन में रखे जिसका निवारण संदर्भ प्रदाता डॉ. क्षेत्रपाल सिंह चौहान एवं धनपत सिंह राव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्थान निदेशक गोविन्द सिंह राणावत ने कहा कि ग्राम विकास आयोजना (जीपीडीपी) राजस्व गांव स्तर पर बनाने के लिए पेसा क्षेत्र में जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता की महती जरूरत है और इसके लिए सहजीकरण हेतु क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को सहज प्रशिक्षण प्रदान करने में दक्ष प्रशिक्षक का रोल जिम्मेदारी से भरा है। संचालन डॉ. भरत कुमार श्रीमाली ने किया।

### पशुपालन डिप्लोमा से रोजगार के अनेक विकल्प

**उदयपुर।** पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान की ओर से द्विवर्षीय पशुपालन डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष के उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अनेक विकल्प विषय पर वेबीनार आयोजित किया गया। संस्थान के डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया विद्यार्थियों को पशुपालन एवं पशु चिकित्सा में प्राप्त तकनीकी ज्ञान का समुचित उपयोग करते हुए प्रारंभ में छोटे स्तर पर डेयरी पालन, कुक्कुट पालन, एवं बकरी पालन का व्यवसाय करना चाहिए। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी सुरेश शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में पशुधन की संख्या को देखते हुए उससे स्वरोजगार प्राप्त करने की अपार संभावनाएं है।

**लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**
(सीआईएन : L24117RJ1979PLC002099)
**पंजी. कार्यालय** : एसपी-460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर-301030 (राजस्थान)
**कार्पोरेट कार्यालय** : ए-264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024
**फोन** : 011-46865999, 41627937, **फैक्स** : 011-46865930
**वेबसाइट** : www.lordschloro.com; **ई-मेल** : contact@lordschloro.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक **शुक्रवार, 12 फरवरी, 2021 को अप. 5:30 बजे** इसके कार्पोरेट कार्यालय ए 264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024 में, अन्य के साथ, 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन, अंगीकरण तथा प्रकाशन हेतु आयोजित की जाएगी।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामतः www.lordschloro.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट नामतः www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।

**निदेशक मंडल के आदेश द्वारा**
**वास्ते लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**दीपेन्द्र चौधरी**
**कम्पनी सेक्रेटरी**

**स्थान : नई दिल्ली**
**तिथि : 02.02.2021**